बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-237
07/06/2022

मुख्यमंत्री ने डॉ0 एन0एन0 तिवारी के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 07 जून 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने जदयू नेता डॉ0 एन0एन0 तिवारी के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि डॉ0 एन0एन0 तिवारी समता पार्टी के समय से ही पार्टी से जुड़े हुये थे। वे एम0एस0 कॉलेज मोतिहारी के भैतिकी के विभागाध्यक्ष तथा एम0जे0के0 कॉलेज बेतिया के प्राचार्य भी रहे थे। वे रेलवे भर्ती बोर्ड, पटना के अध्यक्ष भी रहे थे। उनके निधन से सामाजिक, शैक्षणिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******